# पश्चिमी विक्षोभ से बदला मौसम, छाए रहे बादल

## ठंडी हवा चलने से बढ़ेगी ठंड, बूंदाबांदी की संभावना, शाम ढलने के बाद बढ़ जाती है ठंड

नवभारत न्यूज

**रीवा, 24 जनवरी, पश्चिमी विछोभ के चलते मौसम में बदलाव आया है. सुबह से बादल बने रहे और दोपहर बाद हल्की धूप दिखी. दिन का अधिकतम तापमान 25.2 रहा, जबकि रात का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री रहा. वही गुरूवार और शुक्रवार की मध्य रात्रि 8.4 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा. जबकि अधिकतम तापमान दो डिग्री का उछाल के साथ 27.4 डिग्री तापमान रहा.**



बादल आने के चलते ठंड से कुछ हद तक राहत मिली है. ठंड हवाएं जैसे ही शुरू होगी तो ठंड बढ़ जाएगी साथ ही तापमान में गिरावट के साथ ठंड का असर बढ़ेगा. इस बार नवम्बर से ही कड़ाके की ठंड शुरू हो गई थी, दिसम्बर में भी ठंड का असर कम नही हुआ. हालाकि मकर संक्रांति के बाद ठंड से कुछ राहत मिली. इस समय जिस तरह से पश्चिमी विछोभ के चलते मौसम में बदलाव आया है उम्मीद है कि 24 घंटे के के अंदर बूंदाबांदी हो सकती है. शनिवार को दिन भर बादल बने रहे, सुबह सूर्यदेव के दर्शन नही हुए और दोपहर बाद हल्की धूप खिली. अन्य दिनो के अपेक्षा सुबह हल्की कोहरे की धुंध रही और शाम ढ़लने के साथ ही गलन भरी ठंड बढ़ गई. बूंदाबांदी अगर होती है तो ठंड का असर तेज होगा. हालाकि अब ठंड अपने अंतिम पड़ाव में है, मध्य फरवरी के बाद से ठंड का असर कम हो जाता है. खासकर दिन में ठंड नही रहती और रात में हल्की ठंड बनी रहती है. इस समय अगर बारिश होती है तो गेंहू की फसल के लिये अमृत बूंद होगी. लेकिन दलहनी फसल को कोई खास फायदा नही होगा. चना, मसूर, राई और अलसी में इस समय फूल लगे हुए है तेज बारिश से फूल झडने से उत्पादन प्रभावित होगा. सबसे ज्यादा फायदा गेंहू की फसल को होगा, खासकर जिन किसानो ने 20 दिन पूर्व बोनी की है.

### खुले आसमान के नीचे रखी है धान

समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी लाखों क्विंटल हुई है लेकिन अभी खरीदी केन्द्रो के बाहर खुले आसमान के नीचे धान रखी हुई है. लगभग डेढ़ लाख क्विंटल धान परिवहन के अभाव में खरीदी केन्द्र के बाहर रखी हुई है. अगर परिवहन नही होता और बारिश होती है तो किसानो को नुकसान होगा. परिवहनकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि खरीदी केन्द्र के बाहर रखी धान का परिवहन गोदामों तक किया जाय ताकि बारिश होने प धान खराब न हो. गत वर्ष समझाम बारिश से काफी धान खराब हुई थी, मौसम विभाग ने बारिश की संभावना जताई है. बावजूद इसके धान परिवहन को लेकर विभाग लापरवाही बरत रहा है. शुरू से ही धान परिवहन की स्थित बहुत सही नही थी, कछुआ गति से परिवहन का कार्य चल रहा है.



# शहर की यातायात व्यवस्था बिगाड़ रहे ई-रिक्शा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 24 जनवरी, शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है, पहले से ही पटरी से यातायात व्यवस्था उतरी हुई थी ऊपर से ई-रिक्शा ने और बिगाड़ दी है. ऐसा कोई मार्ग नही जहा जाम न लगता हो और चौराहे से निकलना मुश्किल होता है. दरअसल शहर के मुख्य मार्गो के चौराहे ई-रिक्शा के अघोषित स्टैण्ड बन चुके है.**

गौरतलब है कि शहर में ई-रिक्शा की बाढ़ आ गई है जिसकी वजह से यातायात व्यवस्था पहले से और ज्यादा बिगड़ गई है. बगैर आवाज वाले यह वाहन दुर्घटना का भी कारण बन रहे है. शहर के मुख्य मार्गो के अलावा तंग गलियो में भी ई-रिक्शा के आने जाने से लोग परेशान हो रहे है. व्यंकट मार्ग, अमहिया मार्ग, धोबिया टंकी मार्ग में सबसे ज्यादा ई-रिक्शा दौड़ रहे है. इसी तरह स्टेच्यू चौराहे में भी ई-रिक्शा चालको का आतंक है.

चौराहे में तो रिक्शा चालक मनमानी कर रहे है और फोर्ट रोड़ मार्ग में भी इनकी दबंगई रहती है. ई-रिक्शा चालक चलते हुए अचानक कही पर भी रोक कर सवारी भरने लगते है और किसी भी चौराहे में खड़ा कर देते है जिसके कारण कार आदि वाहनो को निकलने में दिक्कत होती है और जाम की स्थित बन जाती है. यातायात पुलिस द्वारा कोई भी रूट निर्धारित नही किया गया है और न ही ई-रिक्शा के नियंत्रण को लेकर कोई योजना है. बगैर रोक-टोक के ई-रिक्शा दौड़ रहे है, बीच में कार्यवाही शुरू हुई थी जिसके बाद कुछ हद तक राहत मिली थी और अब फिर से वही स्थित बन गई है.

## संक्षिप्त



### उप मुख्यमंत्री ने सौंदर्यीकरण कार्य का किया निरीक्षण

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कोठी कम्पाउण्ड स्थित मनकामेश्वर मंदिर में सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया. उन्होंने निर्देश दिए कि गुणवत्ता के साथ कार्य को समय सीमा में पूर्ण कराएं. श्री शुक्ल ने निर्माण कार्य के संबंध में निर्माण एजेंसी को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए. उन्होंने भगवान आशुतोष के दर्शन किए.

### उप मुख्यमंत्री कल आएंगे रीवा

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 26 जनवरी को सागर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के उपरांत अपरान्ह 4 बजे प्रस्थान कर रात 9 बजे रीवा पहुंचेंगे तथा रात्रि विश्राम करेंगे.

### कलेक्टर ने अधिकारियों पर अर्थदण्ड अधिरोपित किया

**मऊगंज,** कलेक्टर संजय कुमार जैन ने लोक सेवाओं के प्रदान गारंटी अधिनियम के अंतर्गत अधिसूचित सेवाओं का समय सीमा में प्रदाय न करने पर जिले के सात अधिकारियों पर एक-एक हजार रुपए का अर्थदण्ड अधिरोपित किया है. एसडीएम हनुमना श्रीमती रश्मि चतुर्वेदी, एसडीएम मऊगंज राजेश कुमार मेहता, तहसीलदार मऊगंज बीके पटेल, तहसीलदार नईगढ़ी सुनील कुमार द्विवेदी सहित नायब तहसीलदार उमाकांत शर्मा, बैशाखूराम प्रजापति तथा नीरज कुमार द्विवेदी पर एक-एक हजार रुपए की शास्ति अधिरोपित की गई है. संबंधित अधिकारियों को तीन दिवस में अधिरोपित राशि जमा करने के निर्देश दिए गए हैं.

### शहर में पुस्तक का नि:शुल्क वितरण

**रीवा,** श्री योग वेदान्त सेवा समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रीवा जिला में ऋषि प्रसाद पुस्तक का नि:शुल्क वितरण शिल्पी प्लाजा, सिरमौर चौराहा, घोड़ा चौराहा, गुड़हाई बाजार, सब्जी मण्डी, बिरसिंहपुर मेला, सेमरिया मेला, बसामन मामा, बीड़ा, शाहपुर, करहिया में पुस्तकों का नि:शुल्क वितरण किया गया. जिसमें जबलपुर व रीवा के साधक भाई बहनों ने मिलकर पुस्तकों का नि:शुल्क वितरण किया गया. कार्यक्रम में कैलाश आहूजा, बंशीधर वाधवानी, अशोक सर्राफ, संदीप गुप्ता, अभिमन्यु गुप्ता, वंशिका तुलसानी, काशी खिलवानी, दिशा लालवानी, महिला समिति की अध्यक्ष मधु शिवनानी, विद्या पटेल, विद्या गुप्ता, लताबाई, वन्दना साहू, माया, वैशणवी साहू, मुस्कान पटेल, ममता रैकवार, प्रभा कोरी, प्रेमलता पटेल, माया सोनी, लता रघुवंशी, सुनीता झारिया आदि का सहयोग रहा.

### गणतंत्र दिवस की संध्या पर होगा कवि सम्मेलन

**रीवा,** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर भारत पर्व लोकतंत्र का लोक उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिक निगम, रीवा में एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. इस गरिमामय साहित्यिक आयोजन में देशभक्ति, राष्ट्रगौरव एवं सांस्कृतिक चेतना से ओत-प्रोत काव्य प्रस्तुतियों के माध्यम से गणतंत्र पर्व की गरिमा को और अधिक भावपूर्ण स्वर प्रदान किया जाएगा तथा आमजन को लोकतांत्रिक मूल्यों और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा. कार्यक्रम में देशभक्ति को समर्पित काव्य पाठ हेतु डॉ. सुरेश श्रीवास्तव 'सौरभ', श्रीमती मधु जैन 'माधवी', रामकृष्ण द्विवेदी, शानू राज 'बेख़ौफ़' तथा रघुवीर तिवारी 'योगी' अपनी रचनाएँ प्रस्तुत करेंगे. यह कवि सम्मेलन 26 जनवरी को सायं 06:00 बजे टाउन हॉल, नगर निगम रीवा में आयोजित होगा. नगर निगम प्रशासन ने साहित्य प्रेमियों एवं शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर इस राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक संध्या को सफल बनाने की अपील की है.

### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर हुए कार्यक्रम

**रीवा,** शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिले में बालिकाओं एवं महिलाओं के सम्मान तथा सशक्तिकरण हेतु जिला स्तरीय बालिका तथा महिला सम्मान समारोह का आयोजन होटल स्टार में संपन्न हुआ. जिला स्तरीय समारोह में मेधावी बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया. इसके साथ ही जिले के विद्यालयों, आंगनवाड़ी केन्द्रों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, विकासखण्ड में विविध कार्यक्रम संपन्न हुए. बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, लिंग समानता, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह निषेध, पोषण, स्वास्थ्य जागरूकता तथा बालिकाओं के सर्वांगीण विकास से संबंधित गतिविधियाँ आयोजित की गईं. इस दौरान रैलियाँ, जागरूकता कार्यक्रम, संवाद सत्र, चित्रकला, निबंध, भाषण एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से बालिकाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान किया गया. राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं को सम्मानित गया.

# गणतंत्र दिवस पर जिले के प्रभारी मंत्री करेंगे ध्वजारोहण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 24 जनवरी, आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा. मुख्य समारोह एसएएफ मैदान रीवा में आयोजित किया जा रहा है.**

समारोह के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सुबह 8.58 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे. मुख्य अतिथि सुबह 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे. इसके बाद मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे. मुख्य अतिथि सुबह 9.08 बजे से मुख्यमंत्री के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन करेंगे. इसके बाद समारोह में आकर्षक परेड और मार्चपास्ट किया जाएगा. मुख्य अतिथि सुबह 9.41 बजे शांति का संदेश देने के लिए रंगीन गुब्बारों को मुक्त गगन में छोड़ेंगे. इसके बाद मुख्य अतिथि परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त करेंगे. समारोह के मुख्य अतिथि सुबह 9.45 बजे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिजनों एवं लोकतंत्र के प्रहरियों का सम्मान करेंगे. समारोह में सुबह 9.55 बजे मध्यप्रदेश गान का गायन होगा. समारोह में सुबह 10 बजे से 10.35 बजे तक विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे. इसके बाद समारोह में विभिन्न विभागों की आकर्षक झांकियाँ प्रदर्शित की जाएंगी. समारोह में मुख्य अतिथि सुबह 10.40 बजे श्रेष्ठ कार्य करने वालों को पुरस्कृत करेंगे. समारोह का समापन सुबह 11 बजे होगा.

# प्रधानमंत्री को भेजे ई-मेल पर आईएटीओ अध्यक्ष का समर्थन करना सफलता का संकेत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 24 जनवरी, पूर्व मंत्री महाराजा पुष्पराज सिंह ने होटल राजविलास में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया. उन्होने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि पर्यटन सांस्कृतिक ऐतिहासिक धरोहर सुरक्षित करने 3 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रेषित एक ईमेल द्वारा मैंने कुछ महत्वपूर्ण सुझाव वन्य जीव पर्यटन को और बेहतर करने के लिए दिया था.**

यह ज्ञातव्य रहे कि वन्य जीव पर्यटन के साथ-साथ संस्कृति ऐतिहासिक धरोहर वनवासी आदिवासी की लोक कला संगीत एवं सभ्यता तथा प्राचीन सनातन भारत का इतिहास जुड़ता है इसके अलावा एडवेंचर वा इको टूरिज्म भी जुड़ा हुआ है. यह ई मेल की जानकारी आई.ए.टी.ओ अध्यक्ष रवि गोसाई को मिलते ही उन्होंने इसका समर्थन किया और प्रधानमंत्री के लिखे ईमेल की प्रति मांगी जो एक बहुत बड़ा सफलता का संकेत है क्योंकि आई ए टी ओ पूरे भारत के ट्रैवल एजेंट का सबसे बड़ा संगठन है जिसने इन सुझावों



का संज्ञान लिया है. बांधवगढ़ दुवरी, रतापानी, रानी दुर्गावती एवं कान्हा जैसे विश्व प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यान एवं बोरी, पचमढ़ी, सतपुड़ा जैसे बायो डाइवर्सिटी के केंद्र है और इन सारी जगह पर भारी मात्रा में पर्यटन जा रहा है पन्ना और पेंच भी अपने प्रदेश में आते हैं जहां बाघों की संख्या उत्तरोत्तर बढ़ रही है.

अपने ईमेल में मैंने प्रधानमंत्री तथा वित्त मंत्री से निवेदन किया है कि वह बजट में होटल रूम रेंट पर जो कमरा 7500 के ऊपर हो उन पर 12% की जगह 6% किया जाए, राज्य सरकार के लिए ऑफ सीजन में इलेक्ट्रिसिटी, (विद्युत बिल) में 30% की छूट दी जाय. राज्य सरकार को यह सलाह दी जाए कि बांधवगढ़ पन्ना कान्हा एवं पेच जैसे लोकप्रिय और जहां पर्यटक अधिक मात्रा में जा रहे हैं? जिसमें छूट प्रदान करेंगे तो बहुत फायदा होगा.

# गणतंत्र दिवस समारोह की हुई अंतिम रिहर्सल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 24 जनवरी, जिले भर में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस उमंग के साथ मनाया जाएगा. मुख्य समारोह एसएएफ मैदान रीवा में आयोजित किया जाएगा.**



इस समारोह की अंतिम रिहर्सल एसएएफ मैदान में संपन्न हुई. रिहर्सल में ध्वजारोहण करके परेड की सलामी ली गई. पूर्वाभ्यास समारोह में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए. कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा कार्यक्रम में शामिल पुलिस जवान तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे.

**मऊगंज में गणतंत्र दिवस की हुई अंतिम रिहर्सल**-मऊगंज जिले में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा. मुख्य समारोह मऊगंज कलेक्ट्रेट परिसर आयोजित किया जाएगा. इस समारोह की अंतिम रिहर्सल कलेक्ट्रेट परिसर में संपन्न हुई. रिहर्सल में ध्वजारोहण करके परेड की सलामी ली गई. कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय उपस्थित रहे.

### कांग्रेस भवन में होगा ध्वजारोण

**रीवा, 24 जनवरी,** गणतंत्र दिवस की 77वीं वर्षगांठ पर घोघर स्थित कांग्रेस भवन मे 26 जनवरी को सुबह 09:00 बजे जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम सम्पन्न होगा. जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण द्वारा पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, महापौर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीण, जिले के समस्त ब्लाक अध्यक्षो से पहुंचने की अपील की है.

# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर किया गया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 24 जनवरी, आगामी 31 जनवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के भैरवनाथ मंदिर प्रांगण में प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनज़र तैयारियों को लेकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया.**

निरीक्षण के दौरान गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह के साथ कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल एवं पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान उपस्थित रहे.



निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, सुरक्षा इंतज़ामों एवं आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए. इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री बाबूलाल यादव, गुढ़ मण्डल अध्यक्ष एड. अनन्त कुमार गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी शामिल रहे.

# गौ अभ्यारण्य परिसर में होने वाली कथा अप्रतिम व भव्य होगी : शुक्ल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 24 जनवरी, बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में 12 से 14 फरवरी तक मलूक पीठाधीश्वर राजेन्द्र दास महाराज गौ कथा एवं गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर अपनी अमृतमयी वाणी से कथा करेंगे.**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आयोजन की तैयारियों के संबंध में न्यू सर्किट हाउस राजनिवास में आयोजित बैठक में सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि राजेन्द्र दास की कथा से गौ



संरक्षण एवं प्राकृतिक खेती को बल मिलेगा. गौ अभ्यारण्य परिसर में आयोजित होने वाली कथा अप्रतिम व भव्य होगी. उप मुख्यमंत्री ने बैठक में निर्देश दिए कि महाराज जी एवं उनके साथ आने वाले संतों के रूकने की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं.

बैठक व्यवस्था से लेकर पार्किंग तथा प्रसाद वितरण आदि की व्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों को दायित्व सौंपे जाएं. प्रचार-प्रसार समिति आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें. आयोजन स्थल में बनने वाला प्रसाद में प्राकृतिक खेती से उत्पादित अन्न व सब्जी का ही उपयोग किया जाए.

उल्लेखनीय है कि बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में 12 से 14 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक महाराज श्री की कथा होगी. समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, एसडीएम सिरमौर श्रीमती दृष्टि जायसवाल, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी मौजूद रहे.

# कमिश्नर होंगे राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि

नवभारत न्यूज

**रीवा, 24 जनवरी, भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार 25 जनवरी को 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है.**

मुख्य कार्यक्रम शासकीय कन्या महाविद्यालय रीवा के सभागार में सुबह 11 बजे से आरंभ होगा. समारोह के मुख्य अतिथि रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद समारोह का शुभारंभ करेंगे. समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर तथा अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी शामिल होंगी. समारोह में नए मतदाताओं को इपिक कार्ड का वितरण किया जाएगा. समारोह में मतदाता दिवस के संबंध में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा. उप जिला निर्वाचन अधिकारी एसके बेक ने सभी आमंत्रितों से समारोह में शामिल होने का अनुरोध किया है.

### मद्य निषेध संकल्प दिवस 30 को

**रीवा, 24 जनवरी,** महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर 30 जनवरी को मद्य निषेध संकल्प दिवस का आयोजन किया जायेगा. समाज में बढ़ते हुए मद्यपान तथा नशीली दवा, मादक पदार्थ/ द्रव्यों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों से युवाओं, विद्यार्थियों एवं समाज को अवगत कराने, नशा छोड़ने के लिऐ प्रेरित कर संकल्प दिलाया जाएगा.

# तालाबंदी के डर से 9 बड़े बकायादारों ने मौके पर जमा किया टैक्स, 2 पर तालाबंदी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 24 जनवरी, नगर निगम द्वारा संपत्तिकर वसूली को लेकर प्रभावी एवं निर्णायक कदम उठाए जा रहे हैं.**

नगर निगम रीवा की राजस्व टीम द्वारा बड़े संपत्तिकर बकायादारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए कुर्की/ तालाबंदी अभियान निरंतर जारी है. वसूली अभियान को तेज



करते हुए नगर निगम राजस्व टीम आज कार्यवाही के दौरान गॉधी काम्पलेक्स प्रकाश चौराहा में दुकानदार शिवशंकर तिवारी की बकाया राशि 79230 रू. एवं लक्ष्मी नारायण चिकवा की बकाया राशि रू. 45853 रू. न जमा किये जाने पर तालाबंदी की कार्रवाई की गई. इसके अतिरिक्त प्रकाश चैराहा में दुकानदार सुनील सोनी एवं विकल्प गुप्ता द्वारा मौके पर चेक के माध्यम से बकाया राशि जमा कराई.

इसी प्रकार सुपर मार्केट में दुकान क्र. 7 मुरलीधर, दुकान क्र 8 खुशी देवी एवं लक्ष्मी मार्केट में दुकान क्र. 27 श्यामलाल, दुकान क्र. 31 होलाराम तथा अपना मार्केट में दुकान क्र. 6 जयरामदास, दुकान क्र. 8 गोपी छुगानी द्वारा दुकान की बकाया किराये की राशि तत्काल मौके में चेक/नकद के माध्यम से जमा की गई. इस दौरान नगर निगम उपायुक्त, सहायक आयुक्त, राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक मौजूद रहे.